आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार
दिनांकः 13.10.2024   समय : 18.30 पीएम

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तीन वर्ष पूरे होने की सराहना की, कहा–योजना से विकसित भारत की परिकल्पना साकार हो रही है।
- "विश्व मानक दिवस" कल मनाया जायेगा–जयपुर में होगा "मानक महोत्सव" का आयोजन।
- राज्य में अलग–अलग हादसों में चार लोगों की मृत्यु।
- प्रदेश में कई स्थानों पर हल्की बारिश होने से लोगों को तेज गर्मी से मिली राहत–आज और कल दक्षिणी और दक्षिण पूर्वी राजस्थान के कई जिलो में हल्की से मध्यम वर्षा होने के आसार।

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तीन वर्ष पूरे होने की सराहना करते हुए कहा है कि इस योजना से भारत के आधारभूत ढांचे में बदलाव और सम्पर्क में वृद्धि हो रही है, जिससे विकसित भारत की परिकल्पना साकार हो रही है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि गतिशक्ति ने मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी में महत्वपूर्ण वृद्धि की है और विभिन्न क्षेत्रों के तीव्र तथा कारगर विकास को सुनिश्चित किया है। उन्होंने कहा कि विभिन्न हितधारकों के एकीकरण से संभार–तंत्र मजबूत हुआ है, विलम्ब में कमी आई है और बहुत से लोगों के लिए नये अवसरों का सृजन हुआ है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान की शुरुआत आज ही के दिन 2021 में हुई थी, जिसका उद्देश्य देश के बुनियादी ढांचों में परिवर्तन करना है जिससे लोगों की आवाजाही और वस्तुओं तथा सेवाओं के लिए निर्बाध और कुशल कनेक्टिविटी प्रदान की जा सके। इस योजना में 44 केंद्रीय मंत्रालयों और 36 राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और इनके कार्यान्वयन को शामिल किया गया है। इस पहल से विभिन्न मंत्रालयों की 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक की 208 बड़ी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का आकलन कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है।

00000

गृह मंत्रालय ने सभी केन्द्रीय विभागों और राज्यों तथा केन्द्र शासित प्रदेशों के प्रशासनों से इस महीने की 24 तारीख को संयुक्त राष्ट्र दिवस के अवसर पर सभी महत्वपूर्ण भवनों के ऊपर राष्ट्रीय ध्वज के साथ संयुक्त राष्ट्र का ध्वज लगाने का आग्रह किया है। मंत्रालय द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है कि राष्ट्रपति भवन, उपराष्ट्रपति आवास, संसद भवन, सर्वोच्च न्यायालय भवन, राज भवनों, राज निवासों, विधान परिषद भवनों, विधानसभाओं और उच्च न्यायालयों पर संयुक्त राष्ट्र का ध्वज नहीं लगाया जाएगा।

00000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला आज से स्विट्ज़रलैंड के जेनेवा में शुरु हो रही अंतर–संसदीय संघ की 149वीं बैठक में संसदीय शिष्टमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। यह बैठक इस महीने की 17 तारीख तक चलेगी। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री बिरला ने बताया कि अपनी यात्रा के दौरान वे "अधिक शांतिपूर्ण और सतत भविष्य के लिए विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार का उपयोग" विषय पर सभा को संबोधित करेंगे। श्री बिरला ने बताया कि वे अंतर संसदीय संघ की निर्णय लेने वाली शासी परिषद् की बैठकों में भाग लेंगे। इसके अतिरिक्त वे अन्य देशों की संसदों के अध्यक्षों से भी  भेंट करेंगे। अपनी यात्रा के दौरान श्री बिरला जेनेवा में भारतीय समुदाय से मुलाकात करेंगे। शिष्टमंडल में राज्यसभा के उप–सभापति हरिवंश, दोनों सदनों के महासचिव और कई अन्य सांसद शामिल हैं। अंतर–संसदीय संघ में 180 सांसद और 15 एसोसिएट सदस्य हैं। इसके सदस्य देशों में चीन, भारत और इंडोनेशिया जैसे बडे देशों के अतिरिक्त काबो वेर्दे, सैन मैरिनो और पलाऊ जैसे छोटे देश भी शामिल हैं।

00000

"विश्व मानक दिवस" कल मनाया जायेगा। इस मौके पर कल भारतीय मानक ब्यूरो–बीआईएस जयपुर" में "मानक महोत्सव" का आयोजन किया जायेगा। ब्यूरो की राजस्थान प्रमुख कनिका कालिया ने बताया कि विश्व मानक दिवस को हर साल 14 अक्टूबर को उन विशेषज्ञों को सम्मानित करने के लिए मनाया जाता है, जो स्वैच्छिक अंतरराष्ट्रीय मानकों को विकसित करते हैं। उन्होंने कहा कि "मानक महोत्सव" में सरकारी अधिकारियों, मानक

क्लब मेंटर्स, रिसोर्स पर्सन, उपभोक्ता संगठनों और बीआईएस लाइसेंस धारकों को उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित भी किया जायेगा।

000000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में पहले सौ दिनों में किये गये महत्वपूर्ण कामों के बारे में जानकारी देने के लिए आकाशवाणी जयपुर के प्रादेशिक समाचार बुलेटिनों में विशेष श्रृंखला चलाई जा रही है। आज हम आपको केन्द्र सरकार के पहले 100 दिनों में युवाओं को दिये गये रोजगार से जुड़ी जानकारी दे रहे है।

.....

00000000

अंतरराष्ट्रीय आपदा जोखिम शमन दिवस आज विश्वभर में मनाया जा रहा है। इस दिवस का उद्देश्य दुनिया में इस बारे में जागरूकता बढाना और आपदा शमन संस्कृति को बढावा देना है। इस वर्ष का विषय है ''उज्ज्वल भविष्य के लिए अगली पीढ़ी को सशक्त बनाना''। इस वर्ष का विषय आपदा मुक्त भविष्य के लिए युवाओं की रक्षा करने और उन्हें सशक्त बनाने में शिक्षा की भूमिका को दर्शाता है। इस वर्ष शिक्षा के जरिए बच्चों को सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इसके अलावा इसका उद्देश्य बच्चो को अपने परिवार और समुदाय में परिवर्तन लाने और स्वयं की रक्षा करने योग्य बनाना भी है।

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 27 अक्टूबर को आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 115वीं कड़ी होगी। श्रोता, इस महीने की 25 तारीख तक टोल फ्री नम्बर 1 8 0 0 – 1 1 – 7 8 0 0 पर कार्यक्रम के लिए सुझाव भेज सकते हैं। इसके अलावा 1922 पर मिस्ड कॉल देकर एस एम एस पर मिले लिंक से भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। नरेंद्र मोदी एप या माई जीओवी ओपन फोरम के जरिये ऑनलाइन भी सुझाव दिये जा सकते हैं।

00000

जयपुर में एक दौड़ शूरवीरों के नाम थीम पर प्रोमो रन का आयोजन किया गया। ये दौड़ वैशालीनगर स्थित विजय द्वार से शुरू होकर गाण्डीव स्टेडियम पर पहुंच कर समाप्त हुई। दौड़ में 500 से अधिक सेना के जवान, वेटरन्स और नागरिको ने भाग लिया। इस आयोजन का उद्देश्य भारतीय सेना के शूरवीरों के साहस और बलिदान को सम्मानित करना और साथ ही फिटनेस और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना था। दौड़ का आगाज लेफ्टिनेंट जनरल हरबिन्दर सिंह वन्द्रा ने फ्लेग ऑफ कर किया। वेटरन्स के सम्मान में प्रसिद्ध मैराथन चैम्पियन अनीता जानू ने भी इस आयोजन में भाग लिया और धावकों का मार्गदर्शन किया। प्रोमो रन के सफल आयोजन के साथ, आगामी 8 दिसंबर को होने वाली प्रतिष्ठित 'ऑनर रन' की तैयारियां भी जोरों पर हैं।

00000

प्रदेश में अलग–अलग हादसों में एक बच्चे सहित चार लोगों की मृत्यु हो गई। बीकानेर जिले में देशनोक के पास कार की टक्कर से कल देर शाम मोटरसाईकिल सवार दो युवकों की मौत हो गई। वहीं श्रीगंगानगर जिले में पदमपुर के पास ट्रेक्टर के नीचे आने से 12 साल के बच्चे की मृत्यु हो गई। ये हादसा उस वक्त हुआ जब बच्चे ने खेल–खेल में ट्रेक्टर स्टार्ट कर दिया। नीम का थाना जिले के पास जीलो गांव में बावडी में नहाने गये युवक की डूबने से मौत हो गई।

00000

प्रदेश में पिछले कई दिनो से बारिश की गतिविधियों में कमी आने के बाद आज कई स्थानों पर हल्की बारिश हुई। बांसवाडा जिले में कुछ स्थानों पर एक घंटे झमाझम बारिश होने से लोगों को तेज गर्मी से थोडी राहत मिली। बारां में अल सुबह से शुरू हुई बारिश दोपहर तक जारी रही। वहीं सवाईमाधोपुर और करौली में भी हल्की बूंदाबांदी हुई। बालोतरा में आज सुबह से दिनभर बादलो की आवाजाही रही। इस बीच, मौसम विभाग ने पूर्वी हवाओं के प्रभावी होने से आज और कल दक्षिणी और दक्षिण–पूर्वी राजस्थान के जोधपुर, उदयपुर, कोटा, अजमेर, भरतपुर और जयपुर संभाग तथा आसपास के क्षेत्रों में कहीं–कहीं बादल गरजने के साथ हल्की से मध्यम बारिश की संभावना व्यक्त की है। उदयपुर और कोटा संभाग के कुछ भागों में बारिश की गतिविधियां 15 अक्टूबर को भी जारी रहने की संभावना है।

00000

बाडमेर में जिला प्रशासन की ओर से नवो बाडमेर अभियान चलाया जा रहा हैं। इस अभियान के तहत सार्वजनिक स्थानों पर साफ सफाई और सौन्द्रर्यकरण पर खास बल दिया जा रहा है।

.....

भरतपुर में चल रही जसवंत प्रदर्शनी और पशु मेला परवान पर है। मेले में शामिल होने के लिए दूरदराज के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। जिला प्रशासन की ओर से विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के भी आयोजन हो रहे हैं। वहीं पशु और पशुपालकों की भी कई स्पर्धाएं आकर्षण का केन्द्र बनी हुई हैं। मेले में राजस्थान के अलावा, उत्तरप्रदेश, हरियाणा और मध्य प्रदेश के व्यापारी पशुओं की खरीद फरोख्त के लिए पहुंचे हैं। मेले में आयुर्वेद विभाग की ओर से रोजाना आमजन के लिए योगाभ्यास कार्यक्रम रखा जा रहा है। आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति से इलाज के लिए शिविर भी लगाया गया है।

00000